आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- वित्त् मंत्री आज लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट करेंगी प्रस्तुत। कार्यभार सम्भालने के बाद निर्मला सीतारामन का ये लगातार नौवां बजट।
- केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों–बागवानों के आर्थिक संबल का बन रही मजबूत आधार।
- राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल पूरा–भाजपा की राज्य सरकार से चुनाव होने तक पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां यथावत जारी रखने की मांग।
- देश सहित पूरे प्रदेश में आज मनाई जा रही संत रविदास की जयंती।

निर्मला बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के बाद इसकी प्रति राज्यसभा के पटल पर रखी जाएगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह तीसरा बजट है। वर्ष 2019 में वित्त मंत्री का कार्यभार सम्भालने के बाद ये निर्मला सीतारामन का लगातार नौवां बजट है।

बजट तैयार होने से पहले वित्त् मंत्री ने विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों, व्यापार संगठनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, व्यापार और सेवा उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाज़ार के प्रतिनिधियों सहित कई हितधारकों के साथ परामर्श बैठक की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने भी कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में बजट पूर्व व्यापक परामर्श किया और सुझावों की संकलित रिपोर्ट वित्त् मंत्री को प्रस्तुत की। संसद में बजट भाषण सम्पन्नं होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। इस बीच देश के विभिन्न हिस्सों से आए महाविद्यालयों के लगभग तीस विद्यार्थियों को आज लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखने का अवसर मिलेगा।

बजट उम्मीद

केंद्र सरकार द्वारा आज प्रस्तुत किए जा रहे बजट से राज्य को भी काफी उम्मीदें हैं। आर्थिक संकट और प्राकृतिक आपदाओं के दौर से गुजर रहे प्रदेश को केंद्र से उदार वित्तीय सहायता और केंद्रीय योजनाओं में विशेष राहत की उम्मीद है।

इस बीच केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा आज राज्य के सभी ज़िलों व एक सौ 71 मंडलों पर बजट श्रवण व मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के राज्य कार्यालय

शिमला में होने वाले कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेषरूप से मौजूद रहेंगे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जनजातीय जिला किन्नौर के किसानों और बागवानों के लिए आर्थिक संबल का मजबूत आधार बन रही है। इस योजना के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों को प्रतिवर्ष सीधे उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे खेती और बागवानी से जुड़े कार्यों को मजबूती मिल रही है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता............

इस योजना के माध्यम से जिले के आठ हजार 53 किसानों और बागवानों को लाभान्वित करते हुए कुल एक करोड़ 61 लाख 6 हजार रुपये की राशि सीधे उनके खातों में स्थानांतरित की गई। इससे जनजातीय क्षेत्र के किसानों को खेती, बागवानी और आवश्यक कृषि कार्यों में सहायता मिली है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा अगस्त से नवंबर 2025 की अवधि के लिए 20वीं किस्त भी जारी की गई, जिसके अंतर्गत जिले के 07 हजार 04 सौ 87 किसान और बागवान लाभान्वित हुए। इस किस्त में प्रति लाभार्थी 2 हजार रुपये की दर से कुल 1 करोड़ 49 लाख 74 हजार रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खातों में जमा करवाई गई। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में खेती करने वाले किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिलने से उनकी आय में स्थिरता आ रही है और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

पंचायत

प्रदेश की 3 हजार 5 सौ 77 पंचायतों का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। प्रदेश में पहली बार फरवरी से पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह दूसरी वैकल्पिक व्यव्सथा लागू होगी। लोकतंत्र की सबसे निचली और सबसे अहम इकाई सरकार के अगले आदेशों के मुताबिक चलाई जाएगी। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने सरकार को मामला भेजा है।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर पंचायत चुनावों को जान–बूझ कर टालने का आरोप लगाया है। नाहन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां छीनने का प्रयास कर रही है जो सही नहीं है। बिंदल ने सरकार से अगले चुनावों तक पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां यथावत बनाए रखने की मांग की है।

कांगड़ा का भ्रमण

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'मेरा युवा भारत' के तहत पांच दिवसीय अंतर–राज्य युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का आयोजन कल से 06 फरवरी तक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र छेब, कांगड़ा में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों से 35 युवा प्रतिभागी व दो अनुरक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को हिमाचल प्रदेश के रीति–रिवाज, संस्कृति, परंपराओं व स्थानीय खान–पान से परिचित करवाना है। कार्यक्रम के दौरान युवा

प्रतिभागियों को जिला कांगड़ा के विभिन्न प्रमुख पर्यटन व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा। युवाओं के लिए क्लासरूम प्रशिक्षण सत्र भी माध्यम से साइबर सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, स्वरोजगार और व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में हिमाचल के विभिन्न जिलों से 37 युवा प्रतिभागी आगामी 09 फरवरी से राजस्थान राज्य में आयोजित होने वाले युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेंगे।

राष्ट्रपति रविदास

संत रविदास की जयंती आज पूरे देश में मनाई जा रही है। वे 14वीं शताब्दी के संत और उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन के संस्थापक थे। यह दिवस हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार माघ महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु रविदास की जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु रविदास सम्मानित संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने उपदेश से समानता, सामाजिक न्याय और प्रेम का संदेश दिया। राष्ट्रपति ने सभी से संत रविदास के उपदेशों को अपने जीवन में समाहित करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान करने का आह्वान किया।

इधर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में संत रविदास की जयंती कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए है। किन्नौर तथा कुल्लू की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का समाचार है। इससे तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई है। बीते दिनों प्रदेश में हुई भारी बर्फबारी के चलते तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 82 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसके अलावा 4 सौ 36 बिजली ट्रांसफार्मर और 62 पेयजल योजनाएं बंद है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार 2 फरवरी तक प्रदेश में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी हैं.....

अमर उजाला का शीर्षक है–बीडीओ, सचिव देखेंगे पंयायतों का काम 9 जिलों की मतदाता सूची नहीं हुई जारी। हिमाचल दस्तक लिखता है–पंचायतों का कार्यकाल खत्म–सरकार ने नियुक्त किए प्रशासक। पंजाब केसरी के शब्द हैं–हिमाचल में आज से बी.डी.ओ. व सचिव संभालेगे पंचायतें।

बजट व 16वें वित्तायोग से हिमाचल को उम्मीद दैनिक जागरण की एक खबर है।

दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–3 महीने में निपटाए लंबित काम।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है– ऊंची चोटियों में बर्फबारी के साथ सभी ज़िलों में आंधी तुफान का अलर्ट।

<u>''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर</u>

- वित्त् मंत्री आज लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट करेंगी प्रस्तुत। कार्यभार सम्भालने के बाद निर्मला सीतारामन का ये लगातार नौवां बजट।
- केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानो–बागवानों के आर्थिक संबल का बन रही मजबूत आधार।
- राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल पूरा– भाजपा की राज्य सरकार से चुनाव होने तक पंचायत प्रतिनिधियों की शक्तियां यथावत जारी रखने की मांग।
- देश सहित पूरे प्रदेश में आज मनाई जा रही संत रविदास की जयंती।